**प्रमंडलीय आयुक्त, कोशी प्रमंडल, सहरसा की अध्यक्षता में दिनांक–11.10.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से आयोजित सभी पुलिस थानों/ओ०पी० में CCTV कैमरा के अधिष्ठापन एवं निगरानी हेतु गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति (DLOC) की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

सर्वप्रथम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े पुलिस उप महानिरीक्षक, कोशी क्षेत्र, सहरसा/जिला पदाधिकारी, सहरसा/मधेपुरा एवं सुपौल/पुलिस अधीक्षक, सहरसा/मधेपुरा एवं सुपौल का स्वागत किया गया। तदोपरान्त पुलिस थानों/ओ0पी0 में CCTV कैमरे के अधिष्ठापन् एवं निगरानी से संबंधित विषय पर जिला स्तरीय निगरानी समिति (DLOC) की बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

**सहरसा, सुपौल एवं मधेपुरा पुलिस जिला अन्तर्गत पुलिस थानों में अधिष्ठापित कैमरों की विवरणी :–**

| क्र0 सं0 | जिला/ पुलिस जिला | अधिष्ठापित/ कार्यरत PTZ कैमरा | अधिष्ठापित/ कार्यरत Bullet कैमरा | अधिष्ठापित/ कार्यरत Extra कैमरा | अधिष्ठापित/ कार्यरत CCTV कैमरा | अधिष्ठापित/ कार्यरत MIC कैमरा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहरसा | 23/23 | 252/252 | 0/0 | 275/275 | 102/102 |
| 2 | सुपौल | 26/22 | 247/239 | 23/22 | 297/284 | 64/64 |
| 3 | मधेपुरा | 21/21 | 246/239 | 31/29 | 298/289 | 69/69 |

सहरसा जिलान्तर्गत साइबर थाना एवं यातायात थाना में कैमरा नहीं लगाया गया है। इसके संबंध में जल्द से जल्द कैमरा लगवाने हेतु निदेशित किया गया। अधिष्ठापित सभी कैमरा एवं DVR कार्यरत है एवं उनका रख–रखाव एवं पावर बैकअप की स्थिति अच्छा है।

सुपौल जिलान्तर्गत साइबर थाना एवं यातायात थाना में कैमरा लगाने का कार्य प्रक्रियाधीन है। थाना/ओ0पी0 में अधिष्ठापित खराब कैमरा को TASL के प्रतिनिधि से संपर्क कर यथाशीघ्र ठीक/बदलाव करवाने हेतु निदेशित किया गया। सभी अधिष्ठापित DVR कार्यरत एवं अच्छी स्थिति में है।

मधेपुरा जिलान्तर्गत साइबर थाना/यातायात थाना/रतवाड़ा थाना/घैलाढ थाना एवं मठाई शिविर में CCTV कैमरा नहीं लगा है। इसके संबंध में जल्द से जल्द कैमरा लगवाने एवं खराब कैमरा को यथाशीघ्र ठीक/बदलाव करने हेतु निदेशित किया गया। सभी अधिष्ठापित DVR कार्यरत एवं अच्छी स्थिति में है।

पुलिस अधीक्षक, सहरसा/सुपौल/मधेपुरा को निदेश दिया गया कि जिला स्तर पर बनाये गये व्हाट्सएप ग्रुप में सभी थाना के थाना प्रभारी द्वारा थाना में अधिष्ठापित सी0सी0टी0वी0 कैमरों एवं उपकरणों में खराबी आने पर इसकी सूचना अविलम्ब देने हेतु सभी थाना प्रभारी को निदेशित करेंगे तथा TASL के क्षेत्रीय अभियंता व्हाट्सएप ग्रुप में सूचना प्राप्त होते हीं अविलम्ब संबंधित थाना से सम्पर्क स्थापित कर सी0सी0टी0वी0 कैमरों एवं उपकरणों की मरम्मति कर क्रियाशील करायेंगे।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेशित किया गया कि जिन थानों में कैमरा नहीं लगा है वहां यथाशीघ्र कैमरा लगाने हेतु अग्रेतर कार्रवाई किया जाय तथा एक ही परिसर में चल रहे थानों में अतिरिक्त कैमरा लगाया जाय। साथ ही वरीय पदाधिकारियों द्वारा समय–समय पर थानों/ओ0पी0 का निरीक्षण किया जाय जिसमें कैमरों की स्थिति एवं रख–रखाव को भी निरीक्षण के बिंदुओं में शामिल किया जाय।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

ह0/–
आयुक्त,
कोशी प्रमंडल, सहरसा।

**ज्ञापांक :–सं०सं०–05–02/2025/** 7724 **/सा0 सहरसा, दिनांक** 11-10-2025

**प्रतिलिपिः–** पुलिस उप महानिरीक्षक, कोशी क्षेत्र, सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
**प्रतिलिपिः–** जिला पदाधिकारी, सहरसा/सुपौल/मधेपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
**प्रतिलिपिः–** पुलिस अधीक्षक, सहरसा/सुपोल/मधेपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
**प्रतिलिपिः–** प्रबन्ध निदेशक, बेल्ट्रॉन, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
**प्रतिलिपिः–** Project Manager, Tata Advance System Ltd., पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
आयुक्त,
कोशी प्रमंडल, सहरसा।

**ज्ञापांक :–सं०सं०–05–02/2025/** 7724 **/सा0 सहरसा, दिनांक** 11-10-2025

**प्रतिलिपिः–** पुलिस उप महानिरीक्षक–सह–नोडल पदाधिकारी, CCTV परियोजना, राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

Rajc K.
11/10/25
आयुक्त,
कोशी प्रमंडल, सहरसा।